तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, सोमवार 14 जुलाई 2026

11 219वीं बटालियन में द्वितीय बैच का हुआ पीआई...



12 शहीद और नक्सल पीड़ित परिवारों को मिलेंगे पक्के...





## खबर संक्षेप



### पटेल जयंती पर थाना परिसर में पौधारोपण

**कांकेर**। पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देशन में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में थाना नरहरपुर परिसर में वृक्षारोपण किया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में थाना प्रभारी सोमेश सिंह बघेल, पुलिस अधिकारी-कर्मचारी एवं नगर के जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। सभी ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता और जनजागरूकता को बढ़ावा देने की शपथ ली। कार्यक्रम में अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया गया।

### प्रवेश के लिए छात्रों की काउंसिलिंग आज

**कांकेर**। मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति उत्कर्ष योजना (पूर्व में जवाहर उत्कर्ष योजना) के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6 वीं प्रवेश के लिए चयनित विद्यार्थियों की काउंसिलिंग 14 जुलाई को सुबह 11 बजे सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय कांकेर में होगी। विद्यार्थियों को कक्षा 4 वीं एवं 5 वीं की अंकसूची, आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र तथा पालक की सहमति-पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। अंतिम मेरिट सूची जिला वेबसाइट, सहायक आयुक्त कार्यालय, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, मंडल संयोजक कार्यालय एवं संबंधित आश्रम-छात्रावासों में उपलब्ध है।

### मंदिर चंदा चोरी का विरोध कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**कांकेर**। अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा एवं चंदा चोरी के मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अव्हान पर 13 जुलाई को जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा पुराना बस स्टैंड में विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर जमकर नारेबाजी की और कथित चढ़ावा एवं चंदा चोरी के मामले पर अपना आक्रोश व्यक्त किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि आस्था और श्रद्धा से जुड़े विषयों में किसी भी प्रकार की अनियमितता गंभीर मामला है और इससे जुड़े तथ्यों को जनता के सामने स्पष्ट किया जाना चाहिए।

### फांसी लगाने से युवक की मौत

**कांकेर**। नरहरपुर थानांतर्गत सीएचसी में इलाज के लिए हल्बा चौकी अंतर्गत 40 वर्षीय लव नेताम पिता देउराम नेताम का इलाज से पहले ही 12 जुलाई को मौत हो गया। अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक ने फांसी लगा लिया था, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# तालाकुर्रा धान खरीदी केंद्र में 1.14 करोड़ की गड़बड़ी, 3 पर गबन का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

तालाकुर्रा धान उपार्जन केंद्र में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान कथित रूप से 1 करोड़ 14 लाख 47 हजार 308 रुपये की वित्तीय अनियमितता सामने आने के बाद मामला गंभीर हो गया है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित मरकाटोला के प्रबंधक की शिकायत पर धान खरीदी प्रभारी, कंप्यूटर आपरेटर और चौकीदार पर धोखाधड़ी, अमानत में खयानत एवं गबन का प्रकरण दर्ज किया गया।

■ लैंपस प्रबंधक की शिकायत पर कार्रवाई की गई

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित मरकाटोला के प्रबंधक संतोष राजपूत ने पुलिस को बताया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के दौरान तालाकुर्रा धान उपार्जन केंद्र में 41,223 क्विंटल धान की खरीदी की गई थी। इसमें से 37,396.52 क्विंटल धान का परिवहन मिलरों एवं संग्रहण केंद्रों तक किया जा चुका है। सहकारी समिति के कर्मचारी छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम, 1960 की धारा 87 के तहत लोक सेवक की श्रेणी में आते हैं, इसलिए उनके विरुद्ध विधि अनुसार कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि संबंधित कर्मचारियों ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए समिति की संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। समिति और उससे जुड़े किसानों के हितों की रक्षा करते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की माँग किया।

## खरीदी केंद्र प्रभारी, कप्यूटर आपरेटर व चौकीदार पर कसा शिकंजा

### सत्यापन में धान कम मिला

ऑनलाइन रिपोर्ट के अनुसार केंद्र में 5,269 बोरी 3,827.08 क्विंटल धान शेष दर्शाया जा रहा था, लेकिन भौतिक सत्यापन के दौरान मौके पर केवल 384 बोरी यानी 134.40 क्विंटल धान ही मिला। जांच में ऑनलाइन रिकॉर्ड और वास्तविक भंडारण के बीच 4,885 बोरी यानी 3,682.68 क्विंटल धान का अंतर पाया गया। जांच प्रतिवेदन के अनुसार इस अनियमितता की अनुमानित राशि 1 करोड़ 14 लाख 47 हजार 308 रुपये आंकी गई है, जिसे गंभीर वित्तीय गड़बड़ी माना गया है।




### जाँच में तीनों को पाया दोषी

संयुक्त जांच दल जिसमें खाद्य निरीक्षक उमेश सिन्हा, सहकारी निरीक्षक रामेश्वर मरकाम और शाखा प्रबंधक डूमर लाल देवांगन शामिल थे। इस टीम ने जांच के दौरान खरीदी प्रभारी देवानंद जैन, कंप्यूटर ऑपरेटर सना अली तथा चौकीदार भूपेन्द्र सलाम को इस अनियमितता के लिए जिम्मेदार माना था। प्रबंधक की शिकायत पर इन तीनों के खिलाफ मामला 12 जुलाई को कोरर थाना में दर्ज किया गया।

## शिवनगर में 12 परिवारों को दोबारा अतिक्रमण करने पर भेजा जा सकता है जेल

# वनभूमि पर कब्जे की कोशिश नाकाम विभाग हटाई घेराबंदी, व चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

शिव नगर क्षेत्र में आरएफ-68 आरक्षित वन से लगी भूमि पर अतिक्रमण बढ़ाने के प्रयास को वन विभाग ने समय रहते विफल कर दिया। जानकारी मिलते ही विभाग की टीम मौके पर पहुंची और वन भूमि पर बांस से बनाई गई अस्थायी बाउंड्री को हटाते हुए अतिक्रमण पर रोक लगा दी। इस दौरान विभाग ने कब्जा करने का प्रयास कर रहे 12 परिवारों को भविष्य में वन भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं करने की सख्त हिदायत दी।

■ परिक्षेत्र अधिकारी ने कहा कि जल्द आरएफ 68 क्षेत्र में की जाएगी तार की फेंसिंग

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिव नगर में कुछ परिवार लंबे समय से आरएफ 68 से सटी राजस्व भूमि पर अतिक्रमण करके निवास कर रहे हैं। हाल के दिनों में इन परिवारों द्वारा कथित रूप से अपने कब्जे का दायरा बढ़ाते हुए आरक्षित वन क्षेत्र की ओर बांस की घेराबंदी की जा रही थी। स्थानीय स्तर पर यह आशंका जताई गई कि वन भूमि पर स्थायी कब्जा करने की मंशा से यह बाउंड्री खींची जा रही है। मामले की सूचना वन विभाग तक पहुंचते ही विभाग ने तत्काल कार्रवाई करने का निर्णय लिया। वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम ने मौके का निरीक्षण किया। जांच के दौरान वन क्षेत्र के भीतर बांस की अस्थायी घेराबंदी पाई गई, जिसे तत्काल हटवा दिया गया। विभागीय अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आरक्षित वन भूमि पर किसी भी व्यक्ति द्वारा बिना अनुमति सीमा निर्धारण, घेराबंदी, निर्माण या कब्जे का प्रयास पूरी तरह अवैध है और ऐसे मामलों में नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।





**पार्षद पर जताई नाराजगी :** मुहल्ले के कुछ लोगों का कहना है कि शिव नगर में पहाड़ पर भी अवैध अतिक्रमण पुराने पार्षदों के संरक्षण में हुआ है। शिव नगर की सीमा से लगे पहाड़ का सीमांकन एक बार सही ढंग से करके अतिक्रमण करने वालों पर कड़ी कार्रवाई किया जाना चाहिए। अतिक्रमण करने वाले अब आरएफ जंगल की ओर बढ़ने लगे है। पार्षद इस पर रोक लगा सकती थी, परंतु पार्षद ने इस मामले में गंभीरता नहीं दिखाई और न ही इसकी शिकायत संबंधित विभाग को किया। मुहल्ले के कई लोगों ने पार्षद की लापरवाही पर नाराजगी भी जताई।

### 12 परिवारों को दी समझाइश व चेतावनी

कार्रवाई के दौरान विभाग ने मौके पर मौजूद 12 परिवारों को समझाइश देते हुए चेतावनी दी कि वे भविष्य में वन भूमि की सीमा का अतिक्रमण न करें। अधिकारियों ने कहा कि यदि दोबारा इस प्रकार का प्रयास किया गया तो संबंधित प्रावधानों के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही वन भूमि की नियमित निगरानी भी की जाएगी, ताकि दोबारा अतिक्रमण की स्थिति उत्पन्न न हो।

### अतिक्रमण हटाया गया

वन परिक्षेत्र अधिकारी कांकेर अमितेश सिंह परिहार ने हरिभूमि से बात करते हुए बताया कि अतिक्रमण संबंधित जानकारी मिलने पर अस्थायी ढंग से किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। अतिक्रमण होने वाला स्थल आरएफ 68 के अंतर्गत आता है। यह वन भूमि है और आने वाले समय में यहाँ पर फेंसिंग का कार्य चालू करेंगे।

## बच्चों की सुरक्षा के लिए गांव सिवनी में श्रमदान से बनाई स्कूल बाउंड्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

बच्चों की सुरक्षा और बेहतर शैक्षणिक वातावरण के प्रति जागरूकता का प्रेरक उदाहरण विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत सिवनी के आश्रित ग्राम आमापारा में देखने को मिला। यहां ग्रामीणों ने जनसहभागिता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय देते हुए सामूहिक श्रमदान से प्राथमिक शाला की अस्थायी बाउंड्री तैयार कर दी। बांस और खंभों की सहायता से की गई यह घेराबंदी गांव में शिक्षा के प्रति जागरूकता और सामुदायिक सहयोग की सशक्त मिसाल बन गई है।

ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय परिसर खुला होने के कारण सूअर, गाय, बैल, भैंस, बकरी और कुत्ते जैसे आवारा पशु अक्सर स्कूल परिसर में प्रवेश कर जाते थे। इससे विद्यालय की स्वच्छता प्रभावित होती थी और विद्यार्थियों के अध्ययन-अध्यापन में भी व्यवधान उत्पन्न होता था। छोटे बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गांव के लोगों ने स्वयं आगे आने का निर्णय लिया। ग्रामीणों के सामूहिक सहयोग से गांव के लगभग प्रत्येक घर से एक सदस्य ने श्रमदान किया। सभी ने मिलकर बांस और खंभों की सहायता से विद्यालय परिसर की अस्थायी घेराबंदी तैयार की, जिससे



अब बच्चों को अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित वातावरण में पढ़ाई करने में सुविधा मिलेगी। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की अध्यक्ष सुनीता मतलमी ने बताया कि विद्यालय में स्थायी बाउंड्रीवाल बनने से बच्चों की सुरक्षा और विद्यालय परिसर की व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने बच्चों के हित को सर्वोपरि मानते हुए अपने स्तर पर यह सराहनीय पहल की है, जो समाज में सामूहिक जिम्मेदारी की भावना को दर्शाती है।

इस श्रमदान अभियान में रेखालाल विश्वकर्मा, सनऊ राम मंडावी, मनकेर मतलामी, प्रभुराम मंडावी, परदेशी राम मंडावी, नंदलाल उसेंडी, अर्जुन कोमरा सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने बिना किसी अपेक्षा के अपने श्रम का योगदान देकर विद्यालय परिसर को सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## माइंस के डंपरों से कापसी बेहाल, धूल एवं जर्जर पुलों ने बढ़ाई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर

महाराष्ट्र के सुरजागढ़ माइंस से निकलने वाले भारी-भरकम 18 चक्का डंपरों की लगातार आवाजाही से कापसी बाजार और स्टेट हाईवे-25 पर जनजीवन प्रभावित हो रहा है। स्थानीय ग्रामीणों, व्यापारियों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि दिन-रात गुजरने वाले ओवरलोड वाहनों से धूल का गुबार उड़ रहा है, जिससे राहगीरों, दुकानदारों, स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि धूल नियंत्रण के लिए नियमित पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा, जबकि खनिज परिवहन वाले मार्गों पर यह आवश्यक माना जाता है।

■ ग्रामीणों ने वैकल्पिक मार्ग, पानी के छिड़काव के साथ सड़क चौड़ीकरण की उठाई मांग



ग्रामीणों का कहना है कि तेज रफ्तार डंपरों के कारण पूरे बाजार क्षेत्र में धूल छाई रहती है, जिससे व्यापार प्रभावित होने के साथ लोगों में सांस संबंधी समस्याओं का खतरा भी बढ़ रहा है। इसके अलावा स्टेट हाईवे-25 की जर्जर सड़क और संकीर्ण पुल-पुलियों पर लगातार भारी वाहनों के गुजरने से उनकी मजबूती को लेकर भी चिंता जताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मार्ग पर स्थित कई पुल और पुलिया काफी पुराने हैं और उन पर लगातार भारी दबाव पड़ रहा है। उनका मानना है कि समय रहते तकनीकी परीक्षण और आवश्यक मरम्मत नहीं हुई तो भविष्य में कोई गंभीर दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों और व्यापारियों ने यह भी सवाल उठाया है कि यदि यह मार्ग भारी खनिज परिवहन के लिए अधिकृत नहीं है, तो फिर इसी रास्ते से लगातार परिवहन क्यों कराया जा रहा है। उन्होंने संबंधित विभागों से पूरे मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

कापसी बाजार समिति, ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने शासन-प्रशासन से भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित करने, नियमित पानी का छिड़काव सुनिश्चित करने, ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने तथा स्टेट हाईवे-25 की सड़क और पुल-पुलियों का तकनीकी परीक्षण कर शीघ्र चौड़ीकरण एवं मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि समय रहते समाधान नहीं हुआ तो क्षेत्र की जनता आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होगी।

## नहर तोड़ने पर विवाद, पत्थर से किया हमला, महिला सहित तीन लोग घायल

**कांकेर**। खेत की सिंचाई व्यवस्था बचाने के लिए नहर तोड़ने का विरोध करना एक किसान परिवार को महंगा पड़ गया। पखांजुर थाना क्षेत्र के ग्राम पीवी क्रमांक-10 कृष्णनगर में नहर तोड़ने से रोकने पर पड़ोसी किसानों ने कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। आरोप है कि एक आरोपी ने पत्थर से हमला कर किसान का सिर फोड़ दिया, जबकि बीच-बचाव करने पहुंचे बेटे और पत्नी के साथ भी मारपीट की गई। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पीवी क्रमांक-10 कृष्णनगर निवासी 60 वर्षीय मुरारीलाल डागुर ने थाना पखांजुर में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया गया कि 11 जुलाई की दोपहर लगभग 2 बजे वह शिकायतकर्ता अपनी पत्नी आरती डागुर और पुत्र प्रकाश डागुर के साथ खेत में कृषि कार्य कर रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी किसान दीपक राय और आकाश राय ट्रैक्टर की सहायता से खैरकट्टा डेम की नहर (केनाल) को तोड़कर अपने खेत में मिलाने का प्रयास कर रहे थे। शिकायतकर्ता ने जब इसका विरोध किया तो दोनों आरोपियों ने कथित रूप से गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर दीपक राय ने पत्थर उठाकर शिकायतकर्ता के सिर पर हमला कर दिया, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोट आई। पिता को बचाने पहुंचे पुत्र के हाथ में भी चोट लगी, वहीं शिकायतकर्ता की आरती के साथ कथित रूप से धक्का-मुक्की करते हुए बाल पकड़कर मारपीट की गई, जिससे उन्हें भी अंदरूनी चोटें आईं। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने थाना पखांजुर पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी दीपक राय और आकाश राय के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 296, 115(2), 351(2) एवं 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।



## समन्वयक समिति की कलेक्टर क्षीरसागर ने ली बैठक

# युवा भारत अभियान से युवाओं की बदलेगी तकदीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कांकेर के युवाओं को आत्मनिर्भर, सक्षम और राष्ट्र निर्माण का सक्रिय भागीदार बनाने की दिशा में कांकेर जिले में मेरा युवा भारत अभियान को नई गति देने की तैयारी शुरू हो गई है। बैठक में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि जिले का अधिक से अधिक युवा माय भारत पोर्टल से जुड़कर केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और अवसरों का लाभ उठाए।

■ युवाओं को माय भारत पोर्टल से जोड़ने पर दिया जोर

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत संचालित मेरा युवा भारत (माय भारत) की जिला समिति की आयोजित बैठक की सलाहकार एवं जिला समन्वयक अध्यक्षता कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने की। में युवाओं के कौशल विकास, रोजगार, नेतृत्व क्षमता, खेल, सामाजिक सेवा और व्यक्तित्व विकास से जुड़े कार्यक्रमों की व्यापक समीक्षा की गई। बैठक में युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बढ़ाने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में युवा मंडलों के गठन एवं सशक्तिकरण, खेल गतिविधियों के विस्तार, स्टेट यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम, कौशल विकास प्रशिक्षण, वोकेशनल ट्रेनिंग, सेवा पखवाड़ा, विकसित भारत यंग लीडरशिप डायलॉग, विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट, विकसित वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम, बजट क्विज तथा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना सहित कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने इन योजनाओं के माध्यम से युवाओं को शिक्षा, रोजगार, नवाचार, सामाजिक उत्तरदायित्व और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाने की कार्ययोजना भी प्रस्तुत की। बैठक के दौरान मेरा युवा भारत के जिला अधिकारी सुनील कुमार ने जिले में संचालित एवं प्रस्तावित गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि माय भारत का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ना है। इसके तहत युवाओं को नेतृत्व विकास, कौशल प्रशिक्षण, सामाजिक सेवा, खेल, रोजगार, व्यक्तित्व विकास तथा स्वयंसेवी गतिविधियों से जोड़ने के लिए लगातार नवाचारपूर्ण कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।



### सभी विभाग समन्वय बनाकर करें मदद

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने मेरा युवा भारत के तहत जिले में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए अधिक से अधिक युवाओं को शासन की योजनाओं से जोड़ने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और प्रतिभा का सही दिशा में उपयोग ही विकसित भारत की मजबूत नींव बनेगा।

## जमीन विवाद पर मारपीट, काउंटर केस दर्ज

**कांकेर**। चारामा थानांतर्गत ग्राम भिरौद में जमीन संबंधी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए चारामा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर केस दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

पहले पक्ष के प्रार्थी भुनेश्वर सिन्हा ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि 12 जुलाई को सुबह लगभग साढ़े 10 बजे वह अपने घर पर काम कर रहे थे। इसी दौरान कचराबाई सिन्हा और उनके पुत्र रूपेश सिन्हा उनके घर की बाड़ी का घेराव तोड़कर अंदर आए, गाली-गलौज की तथा विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए लकड़ी की बल्ली फेंककर मारी। बल्ली सिर में लगने से उन्हें चोट आई और खून निकल गया। उनकी शिकायत पर पुलिस ने कचराबाई सिन्हा एवं रूपेश सिन्हा के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 115(2), 296, 351(2) एवं 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है। दूसरे पक्ष के प्रार्थी भुवन लाल सिन्हा ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके खसरा नंबर 680/5 स्थित मकान के पास छोड़ी गई जगह पर दीवार निर्माण को लेकर विवाद हुआ। उनका आरोप है कि भुनेश्वर सिन्हा, हरिश सिन्हा एवं पूर्णिमा बाई सिन्हा ने विवाद के दौरान गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी तथा डंडे से उनकी पत्नी दयाबत्ती सिन्हा के साथ मारपीट की, जिससे उन्हें चोटें आईं। इस शिकायत पर पुलिस ने भुनेश्वर सिन्हा, हरिश सिन्हा एवं पूर्णिमा बाई सिन्हा के खिलाफ भी बीएनएस की धारा 115(2), 296, 351(2) एवं 3(5) के तहत काउंटर केस दर्ज किया है।



चारामा पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि विवेचना के दौरान उपलब्ध साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### 7 लीटर शराब जब्त महिला गिरफ्तार

**कांकेर।** उजियारा अभियान के तहत अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नरहरपुर पुलिस ने ग्राम अमोड़ा में दबिश देकर एक महिला को गिरफ्तार किया है। मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने आरोपी अमोड़ा निवासी 40 वर्षीय यशोदा नेताम पति अगेश नेता के कब्जे से 7 लीटर अवैध महुआ शराब बरामद को जप्त किया। आरोपी महिला के खिलाफ थाना नरहरपुर में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



### अंग्रेजी शराब जब्त युवक गिरफ्तार

कांकेर। अंतागढ़ थानांतर्गत सुरेली के मेन रोड में आरोपी के कब्जे से 34 पौवा अंग्रेजी शराब को जप्त किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी धरोना थानांतर्गत बड़ेखौली निवासी 40 वर्षीय कलीराम प्रधान पिता जयलाल के कब्जे से 12 जुलाई को 34 पौवा विदेशी मंदिरा कीमत 4 हजार 80 रूपएं को जप्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।


### शासकीय कार्यालयों में प्री-पेड बिलिंग एक से

**कांकेर।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में प्री-पेड स्मार्ट मीटर की स्थापना कर प्री-पेड बिलिंग की व्यवस्था शुरू की जा रही है, जिसके तहत आगामी 01 अगस्त से दो चरणों में प्री-पेड स्मार्ट मीटर स्थापित किए जाएंगे। आगामी 01 अगस्त से प्रथम चरण के तहत विकासखण्ड (ब्लॉक) एवं उच्च स्तर तक के सभी शासकीय कार्यालयों में बिजली की प्री-पेड व्यवस्था अनिवार्य रूप से शुरू हो जाएगी। इसके बाद द्वितीय चरण में इससे निचले स्तर के कार्यालयों को जोड़ा जाएगा।

### जिला रोजगार मेला का 16 को

**कांकेर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोड़ेजुंगा कांकेर में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन 16 जुलाई को सुबह 11 से अपरान्ह 03 बजे तक किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा 185 रिक्तियों के आधार पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी बीआर ठाकुर ने बताया कि उक्त प्लेसमेंट कैम्प में फील्ड ऑफिसर के 30 पद, सिक्युरिटी गार्ड के 50 पद, फायरमैन के 20, फुड पैकिंग के 25, वाहन चालक हैवी के 10 और होम केयर के 50 पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने कहा कि इच्छुक आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर अथवा ई-रोजगार के पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पर अपना सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

### आंगनबाड़ी बच्चों को कराया न्योता भोज



**दुर्गुकोंदल।** पुत्री के विवाह उपरांत परिवार ने सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए स्थानीय आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 के बच्चों को न्योता भोज कराया। बच्चों को स्नेहपूर्वक पौष्टिक भोजन परोसकर विवाह की खुशी साझा की। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भोजन किया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने परिवार की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया। कार्यक्रम में कौशिल्या दुग्गा, ओमलता सोनी, जमुना जैन, प्रियंका नरेटी, गोदावरी कोरेटी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

### राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

**कोण्डागांव।** अयोध्या स्थित प्रभु श्रीराम मंदिर में कथित चढ़ावा और चंदा चोरी के मामले के विरोध में जिला मुख्यालय कोंडागांव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री घोष ने किया।

# रायपुर में आयोजित वार्षिक आमसभा में कोंडागांव जिला टेबल टेनिस संघ सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य टेबल टेनिस संघ रायपुर के तत्वाधान में आयोजित वार्षिक आमसभा में कोंडागांव जिला टेबल टेनिस संघ को राज्य स्तरीय द्वितीय रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता के उत्कृष्ट आयोजन के लिए सम्मानित किया गया। पहली बार आयोजित इस प्रतियोगिता के सफल एवं अनुकरणीय संचालन ने पूरे प्रदेश में जिले की अलग पहचान बनाई। सम्मान समारोह में विशेष रूप से प्रतियोगिता स्थल की उत्कृष्ट व्यवस्था, खिलाड़ियों एवं प्रतिभागियों के लिए निःशुल्क एवं सुव्यवस्थित भोजन, तकनीकी टीम के ठहरने की बेहतर व्यवस्था तथा पूरे आयोजन के दौरान संघ के पदाधिकारियों के समर्पण, सजगता और सामूहिक टीमवर्क की सराहना की गई। राज्य संघ ने इसे प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ आयोजनों में से एक बताया। वार्षिक आमसभा में कोंडागांव जिला टेबल टेनिस संघ की ओर से अध्यक्ष आर.के. जैन एवं सचिव अश्वनी कुमार थावरे ने भाग लिया। उन्होंने सम्मान प्राप्त करते हुए इसे जिले के सभी पदाधिकारियों, खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया। यह सम्मान छत्तीसगढ़ राज्य टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष कुलदीप सिंह जुनेजा एवं प्रदेश संघ के अन्य पदाधिकारियों तथा विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। इस अवसर पर कोंडागांव के आयोजन की मुक्तकंठ से प्रशंसा की गई।

## राज्य स्तरीय सम्मान से बढ़ा कोंडागांव का गौरव




**खेल प्रतिभाओं को मिलेगा प्रोत्साहन :** संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यह सम्मान कोंडागांव के खिलाड़ियों और खेल आयोजकों के लिए नई प्रेरणा है। भविष्य में भी राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के साथ जिले की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

### संघ के पदाधिकारियों ने जताई खुशी

सम्मान मिलने पर जिला टेबल टेनिस संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में उत्साह का माहौल रहा। मोहन कोटड़िया, डॉ. राजाराम त्रिपाठी, मोहम्मद यासीन खान, सुरेश संचेती, संतोष पात्र, रूपेश संचेती, डॉ. कृष्ण कुमार मरकाम, डॉ. दीपक सेठिया, प्रमोद सोनी, संजीव जैन, जगन्नाथ नेताम, विनोद साहू, विजेंद्र साहू, रतनदीप, दीपक कुमार पारख, डॉ. शिल्पा देवांगन, ज्योति जैन, दीपक गोलछा, संतोष कोड़ोगी, राकेश ठाकुर, चंदन सेठिया, अभिषेक तिवारी, निलेश कुलदीप, हर्ष लाहोटी, शिवकुमार, शेखर दास, बंशी दास, अंशु तिवारी, परवीन नाग, रोहित दास, कावयांश पारख, मौलिक पवार सहित अन्य सदस्यों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी पदाधिकारियों को बधाई दी।

## विधानसभा क्षेत्र के कोंडागांव जिले में शासकीय बीएड, डीएड कॉलेज मांगा

# मानसून सत्र के पहले दिन शिक्षा के मुद्दों पर मुखर रहीं विधायक उसेंडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव




राज्य विधानसभा के मानसून सत्र के पहले ही दिन कोंडागांव विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने बस्तर अंचल की शिक्षा व्यवस्था से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों को सदन में प्रमुखता से उठाया। उन्होंने जिले में शासकीय बी.एड. एवं डी.एड. कॉलेज की स्थापना तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग करते हुए सरकार का ध्यान क्षेत्र की आवश्यकताओं की ओर आकर्षित किया। सदन में चर्चा के दौरान विधायक लता उसेंडी ने कहा कि कोंडागांव सहित पूरे बस्तर संभाग के हजारों विद्यार्थियों को शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आज भी रायपुर, बिलासपुर और अन्य बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है। स्थानीय स्तर पर शासकीय बी.एड. एवं डी.एड. महाविद्यालय नहीं होने से विद्यार्थियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। साथ ही आवास, परिवहन और अन्य कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यदि कोंडागांव में शासकीय शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय स्थापित किया जाता है तो स्थानीय युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा और क्षेत्र में प्रशिक्षित शिक्षकों की उपलब्धता भी बढ़ेगी।

■ एनईपी –2020 के प्रभावी क्रियान्वयन की उठाई मांग

### क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की पहल

मानसून सत्र के पहले ही दिन शिक्षा से जुड़े इन महत्वपूर्ण मुद्दों को सदन में उठाए जाने को बस्तर अंचल के विद्यार्थियों और युवाओं के हित में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। स्थानीय स्तर पर बी.एड.–डी.एड. कॉलेज की स्थापना और नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन से क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में लागू हो नई शिक्षा नीति

विधायक उसेंडी ने शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति–2020 के प्रभावी क्रियान्वयन का मुद्दा भी सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत प्रस्तावित इंटीग्रेटेड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम को शीघ्र प्रारंभ किया जाना चाहिए, ताकि शिक्षक प्रशिक्षण राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण बनाया जा सके। लता उसेंडी ने कहा कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाना, विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख बनाना तथा भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकसित करना है। बस्तर जैसे आदिवासी एवं दूरस्थ क्षेत्र में इसका प्रभावी क्रियान्वयन शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों का विस्तार किया जाए तथा विश्वविद्यालय स्तर पर नई शिक्षा नीति को पूरी तरह लागू कर बस्तर के विद्यार्थियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराए जाएं।

# बिजली लाइन पर काम करने के दौरान करंट से झुलसा कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव



विकासखंड के ग्राम बड़ेडोंगर में सोमवार सुबह करीब 11 बजे बिजली विभाग के एक निजी कर्मचारी के साथ बड़ा हादसा हो गया। एलटी लाइन पर मरम्मत कार्य के दौरान अचानक करंट प्रवाहित होने से 25 वर्षीय हितेश प्रधान पिता प्रेम सिंग गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे के बाद उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर रायपुर रेफर कर दिया गया। हालांकि, 108 एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंचने के कारण घायल को करीब दो घंटे तक अस्पताल में इंतजार करना पड़ा।

■ बड़ेडोंगर में एलटी लाइन जोड़ते समय हुआ हादसा

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मांदागांव निवासी हितेश प्रधान अपने सहकर्मी विष्णु मरकाम के साथ बड़ेडोंगर में एलटी लाइन का तार जोड़ने का कार्य कर रहा था। हितेश खंभे पर चढ़कर लाइन जोड़ रहा था, जबकि विष्णु नीचे मौजूद था। इसी दौरान अचानक लाइन में करंट आ गया और हितेश उसकी चपेट में आकर नीचे गिर पड़ा। हादसे में उसके सिर, चेहरे और सीने का अगला हिस्सा बुरी तरह झुलस गया। प्रत्यक्षदर्शी विष्णु मरकाम ने बताया कि जब हितेश खंभे पर चढ़ा था, तब लाइन में बिजली नहीं थी। कार्य के दौरान अचानक करंट प्रवाहित हो गया, जिससे यह हादसा हुआ।

### कारण पता लगाने जांच शुरू

अस्पताल से रायपुर रेफर किए जाने के बाद बिजली विभाग की ओर से 108 एंबुलेंस की व्यवस्था की गई, लेकिन वाहन समय पर नहीं पहुंचा। अंततः करीब दो घंटे बाद दोपहर करीब 1 बजे फरसगांव अस्पताल की छोटी एंबुलेंस से घायल को बेहतर उपचार के लिए रायपुर भेजा गया। घटना ने बिजली लाइन पर कार्य के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की तत्परता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# राष्ट्रीय मछुआरा दिवस पर मत्स्य कृषक संगोष्ठी का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



राष्ट्रीय मछुआरा दिवस के अवसर पर शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र, कोपाबेड़ा में जिला एवं विकासखंड स्तरीय मत्स्य कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मछुआ सहकारी समितियों के सदस्य एवं प्रगतिशील मत्स्य कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संगोष्ठी में मत्स्य विभाग के अधिकारियों ने प्रतिभागियों को राष्ट्रीय मत्स्य डिजिटल प्लेटफॉर्म एनएफडीपी पंजीयन, मत्स्यजीवी दुर्घटना बीमा, जलीय कृषि बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी तथा विभाग की अन्य कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। अधिकारियों ने वैज्ञानिक एवं आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों को अपनाने तथा शासकीय योजनाओं का अधिकतम लाभ लेकर मत्स्य व्यवसाय को अधिक लाभकारी बनाने के लिए मत्स्य कृषकों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र में संचालित विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन कराया गया, जिससे उन्हें आधुनिक मत्स्य उत्पादन की व्यावहारिक जानकारी मिली। सहकारिता विभाग एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने भी अपनी–अपनी योजनाओं की जानकारी देते हुए मत्स्य कृषकों को उपलब्ध सुविधाओं और लाभ लेने की प्रक्रिया से अवगत कराया। संगोष्ठी में मत्स्य पालन को आत्मनिर्भर आजीविका का सशक्त माध्यम बनाने पर विशेष बल दिया गया।

■ मत्स्य पालकों को योजनाओं, बीमा और डिजिटल पंजीयन की दी गई जानकारी



# बाल संरक्षण तंत्र को मिला मानसिक स्वास्थ्य सहयोग का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिला प्रशासन ने यूनिसेफ इंडिया एवं सेंटर फॉर मेंटल हेल्थ लॉ एंड पॉलिसी के सहयोग से बाल संरक्षण तंत्र से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोसामाजिक सहयोग विषय पर क्षमता–विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य सेवा प्रदाताओं की क्षमता विकसित करना है, ताकि वे बच्चों एवं किशोरों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की पहचान कर उन्हें समय पर आवश्यक मनोसामाजिक सहयोग उपलब्ध करा सकें। यह प्रशिक्षण चार चरणों में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें अब तक तीन चरण पूरे हो चुके हैं। प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के बीच साप्ताहिक ऑनलाइन एवं प्रत्यक्ष मेंटरिंग और सुपरविजन सत्रें के माध्यम से निरंतर मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में बाल कल्याण समिति के सदस्य, चाइल्ड हेल्पलाइन के काउंसलर, चाइल्ड केयर संस्थानों के कर्मचारी तथा जिला बाल संरक्षण तंत्र से जुड़े कार्मिक शामिल हुए। विशेषज्ञों ने रोल–प्ले, अनुभवात्मक गतिविधियों और सहभागितापूर्ण शिक्षण के माध्यम से बच्चों के साथ प्रभावी संवाद और मनोसामाजिक सहयोग की व्यावहारिक जानकारी दी।

### बाल संरक्षण सेवाओं को और प्रभावी बनाने पर जोर

*कार्यक्रम के दौरान जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार का प्रशिक्षण बाल संरक्षण सेवाओं को अधिक संवेदनशील और प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।*

# विद्यार्थियों को दी गई सामाजिक और कानूनी जागरूकता संबंधी जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, कोंडागांव में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जनसंख्या, स्वास्थ्य, शिक्षा और कानूनी अधिकारों से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष खिलावन राम रिगरी ने विद्यार्थियों को विश्व जनसंख्या दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए परिवार नियोजन, लैंगिक समानता, शिक्षा और सतत विकास के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शिक्षा का अधिकार, मोटरयान अधिनियम, बाल विवाह निषेध, महिला एवं बाल अधिकार, निःशुल्क विधिक सहायता तथा नागरिकों के संवैधानिक अधिकार एवं कर्तव्यों की जानकारी दी गई। साथ ही कानून का पालन और पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक किया गया।

### पॉक्सो अधिनियम और गुड टच–बैड टच पर विशेष सत्र

न्यायाधीशों ने विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों, गुड टच–बैड टच की पहचान तथा किसी भी प्रकार के शोषण की स्थिति में बिना भय के माता–पिता, शिक्षक या पुलिस को सूचना देने के लिए प्रेरित किया। साइबर माध्यमों से होने वाले लैंगिक अपराधों से सतर्क रहने की भी सलाह दी गई।

### न्यायिक अधिकारियों और शिक्षकों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विक्रम प्रताप चंद्रा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री गायत्री साय, प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं अधिकार मित्र उपस्थित रहे।

## प्यासा है ग्राम सालेपाल का तुमपानी पटेलपारा : कश्यप

# आदिवासी परिवार झरिया का पानी पीने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर जिले के तोकापाल विकासखंड के ग्राम सालेपाल के तुमपानी पटेलपारा में पेयजल संकट को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला ग्रामीण अध्यक्ष जगदु राम कश्यप ने रविवार को गांव पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों, महिलाओं, बुजुर्गों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा शाला के बच्चों से चर्चा कर समस्याओं को करीब से जाना। निरीक्षण के दौरान सामने आई स्थिति को गंभीर बताते कहा कि आजादी के 79 वर्ष बाद भी आदिवासी समाज को पीने के पानी के लिए एक से डेढ़ किलोमीटर दूर झरिया का सहारा लेना पड़ रहा है। यह सरकार हर घर जल अभियान के दावों की वास्तविक तस्वीर है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पानी टंकी का निर्माण तो किया गया, लेकिन वर्षों से वह बंद पड़ी है और केवल शोपीस बनकर रह गई है। जलापूर्ति व्यवस्था ठप है, जिससे लोगों को प्रतिदिन लंबी दूरी तय कर पानी लाना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी महिलाओं, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों को झेलनी पड़ रही है। जगदु राम ने कहा कि सरकार एक ओर अमृतकाल, जल जीवन मिशन और हर घर जल जैसी योजनाओं का प्रचार कर रही है।

वहीं दूसरी ओर बस्तर के आदिवासी गांवों में लोग आज भी पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, तो यह विकास नहीं बल्कि विकास के नाम पर छलावा है।



### बच्चों को दूर से लाना पड़ रहा पानी

श्री कश्यप ने कहा कि आंगनबाड़ी और प्राथमिक विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों को स्वच्छ पेयजल नहीं मिल रहा है। कई बार बच्चों को भी दूर झरिया से पानी लाना पड़ता है या असुरक्षित जल स्रोतों का उपयोग करना पड़ता है। इससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका रहती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को पेयजल उपलब्ध कराना सरकार और प्रशासन की पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए। कश्यप ने आरोप लगाया कि आदिवासी क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं की लगातार उपेक्षा की जा रही है।

# अपहरण और दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



अंतागढ़ पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए नाबालिग बालिका का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पीड़िता के घर वालो ने 10 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराया कि नाबालिग पीड़िता घर से बिना बताए कहीं चली गई हैं , अज्ञात व्यक्ति के द्वारा अपहरण कर ले जाने के संदेह पर थाना अंतागढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ किया गया । उच्चाधिकारियों के थाना प्रभारी अंतागढ़ के नेतृत्व में तत्काल टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी की गई। तकनीकी विश्लेषण की सहायता से आरोपी का पता कर पीड़िता को बरामद किया गया। आरोपी कोड़ेकुर्से थानांतर्गत चाउरगांव निवासी 20 वर्षीय श्याम लाडिया पिता लाडिया को अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा अपराध करना स्वीकार किया गया। मामले में अपराध क्रमांक 47/2026 धारा 137(2),64(1),64,(2)(एम ), 87 बीएनएस एवं 06पॉक्सो एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही कर आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## खबर संक्षेप

### जिले में 292.8 मिमी. वर्षा दर्ज



**बीजापुर।** कलेक्टर कार्यालय भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सभी तहसीलों में एक जून से अब तक 292.8 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान सर्वाधिक 401.2 मिमी. औसत वर्षा भैरमगढ़ में दर्ज की गई है। इसी तहर कुटरू में 385.7 मिमी. वर्षा, बीजापुर में 346.0 मिमी. वर्षा, गंगालुर में 263.0 मिमी. वर्षा, भोपालपटनम में 248.4 मिमी. वर्षा एवं उसूर में 112.7 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है।

### पीड़ितों के परिजनों को 16 लाख की सहायता

**बीजापुर।** कलेक्टर विश्वदीप ने प्राकृतिक आपदा से पीड़ितों के परिजनों को 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अन्तर्गत सर्पदंश से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतिका मनीषा गुरला के निकटतम वारिस उनके पति संपत गुरला को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। इसी तरह आकाशीय बिजली (गाज) गिरने से मृत्यु के एक प्रकरण में मृतिका मल्ली कलमू के निकटतम वारिस उनके पुत्र पिड़गा कलमू, तालाब में डुबने से मृत्यु के दो प्रकरणों मे से मृतक विष्णु कतलाम के निकटतम वारिस उनकी माता मिटकी कतलाम एवं मृतक अडला चन्दैया के निकटतम वारिस उनके पुत्र संजय अड़ला सहित प्रत्येक मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रूपये कुल 16 लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। राशि का भुगतान संबंधित हितग्राही के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए हैं।

# ग्रीन सुकमा: मोबाइल ट्री एटीएम से बंट रहे मुफ्त पौधे, लोगों में उत्साह

## 300 हितग्राहियों को बांटे गए 400 फलदार पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा





जिले को हरा-भरा बनाने और पर्यावरण संरक्षण को एक नया आयाम देने के लिए जिला प्रशासन और वनमंडल सुकमा ने एक बेहद अनोखी और सराहनीय पहल की है। जिले में जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष 'मोबाइल ट्री एटीएम' की शुरुआत की गई है।

एटीएम की तर्ज पर डिजाइन किया गया यह अनोखा वाहन अब सीधे सुकमा नगर और उसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में पहुंच रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य हर घर तक बिना किसी शुल्क के पौधे पहुंचाना और लोगों को प्रकृति से जोड़ना है। सोमवार को जब यह 'ट्री एटीएम' वाहन शहर के पावारास और कुम्हाररास सहित विभिन्न रिहायशी इलाकों में पहुंचा, तो स्थानीय निवासियों में भारी उत्साह देखा गया। इस चलते-फिरते एटीएम से लोगों को कटहल, अमरूद, जामुन, आम और मुनगा (सहजन) जैसे बेहतरीन फलदार पौधे पूरी तरह निःशुल्क वितरित किए गए। पहले ही दिन लगभग 300 से अधिक जागरूक नागरिकों ने इस अभियान में हिस्सा लेकर अपने पसंदीदा पौधे प्राप्त किए और इस हरित अभियान के सारथी बने। कलेक्टर अमित कुमार ने बताया कि यह मुहिम सिर्फ पौधे बांटने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक को पर्यावरण के प्रति जवाबदेह भी बना रही है। इस अभियान का मूल संदेश यही है कि पौधा लगाना सिर्फ एक शुरुआत है।

उसे एक विशाल और सुरक्षित वृक्ष के रूप में विकसित होने तक सींचना और उसकी देखभाल करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस दूरदर्शी पहल को लेकर डीएफओ अक्षय भोंसले ने जिले के समस्त नागरिकों से भावुक अपील की है। उन्होंने कहा कि एक हरित, स्वच्छ और पर्यावरण-सुरक्षित सुकमा का निर्माण तभी संभव है जब हर नागरिक इस अभियान से दिल से जुड़ेगा। प्रशासन की इस अनोखी कोशिश की हर तरफ सराहना हो रही है, और यह 'मोबाइल ट्री एटीएम' अब सुकमा को हरी-भरी पहचान देने में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है।

## 219वीं बटालियन में द्वितीय बैच का हुआ पीआई प्रशिक्षण

# प्रशिक्षण जवानों के शारीरिक, मानसिक एवं व्यावसायिक विकास के लिए अतिमहत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोन्टा



219वीं बटालियन मुख्यालय सीआरपीएफ इंजराम में तीन सप्ताह का पीआई प्रशिक्षण के शुभारंभ समारोह का आयोजन किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य नव नियुक्त जवानों को बल की कार्य-प्रणाली, अनुशासन, आंतरिक सुरक्षा कर्तव्यों एवं क्षेत्रीय चुनौतियों के लिए पूर्णतः तैयार करना है। कार्यक्रम का आयोजन राजेश पांडे, डीआईजी पी. कोंटा रेंज, सीआरपीएफ एवं पार्थ सारथी घोष, कमाण्डेन्ट 219 बटा. की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण जवानों के शारीरिक, मानसिक एवं व्यावसायिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा उन्हें कठिन परिस्थितियों में प्रभावी ढंग से कार्य करने हेतु सक्षम बनाना है।

- टीम भावना, नेतृत्व क्षमता व आपसी समन्वय पर दिया जायेगा बल

इस बैच में रेंज कोंटा के विभिन्न बटा. से कुल 255 कार्मिक पीआई प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रशिक्षण के दौरान कार्मिकों को आईईडी की पहचान एवं रोकथाम, हथियार संचालन, मानचित्र अध्ययन सहित जंगल क्षेत्रों में सामरिक मूवमेंट, विभिन्न केस स्टडी, एफओबी की स्थापना तथा एसओजेड से संबंधित परिचयात्मक जानकारी जैसे महत्वपूर्ण प्रशिक्षण एवं सामरिक कौशलों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया जायेगा एवं इस प्रभावी प्रशिक्षण अवधि में टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं आपसी समन्वय पर विशेष बल दिया जायेगा। इस दौरान उन्होनें राजपत्रित अधिकारीयों के लिए नव निर्मित जिम-हॉल व इंडोर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का भी उद्‌घाटन किया। पार्थ सारथी घोष कमाण्डेन्ट 219 बटा. द्वारा अवगत काराया गया कि, उक्त काम्प्लेक्स का निर्माण वाहिनी के अधिकारियों के स्वास्थ्यवर्धक वातावरण तथा इंडोर गेमिंग के लिए किया गया है।

जिसके माध्यम से एक आरामदेह एवं शांत वातावरण उपलब्ध कराने का उद्देश्य है, जिससे उनकी कार्य क्षमता एवं मनोबल में वृद्धि हो सके। इस समारोह में प्रेमजीत कुमार कमान्डेंट 50 वीं बटा., विजय शंकर कमान्डेंट 217 वीं बटा., दीपक कुमार साहू कमान्डेंट 131 वीं बटा. एवं 219 बटा. के सभी वरीष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ अधिनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

# नवपदस्थ जिला पंचायत सीईओ ने संभाला पदभार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

भारतीय प्रशासनिक सेवा 2023 बैच के अधिकारी एम. भार्गव ने आज मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दंतेवाड़ा का पदभार विधिवत ग्रहण किया। इससे पूर्व वे दुर्ग जिले में सहायक कलेक्टर तथा राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एसडीएम के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

पदभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने जिला पंचायत कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया तथा जिले में संचालित विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की प्रारंभिक जानकारी ली। इस अवसर पर भार्गव ने कहा कि शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से पहुंचाना जिला पंचायत की सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए ग्रामीण विकास, आजीविका संवर्धन, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार तथा शासन की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का आग्रह किया। इस दौरान उप संचालक पंचायत तरुण देशमुख सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# साइबर ठगी से बचाव के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



जिला कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार में जिला परियोजना आजीविका महाविद्यालय सोसायटी दंतेवाड़ा में साइबर अपराध एवं नशा मुक्ति विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आत्मसमर्पित हितग्राहियों को साइबर अपराधों, डिजिटल सुरक्षा तथा नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें जिम्मेदार एवं सजग नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक शपथ ग्रहण से हुआ, जिसमें थाना गीदम के उपनिरीक्षक, आजीविका महाविद्यालय के प्राचार्य, प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आत्मसमर्पित हितग्राहियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने साइबर अपराध एवं नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया तथा ऑनलाइन माध्यम से शपथ प्रमाण-पत्र भी प्राप्त किए।

- साइबर अपराध एवं नशा मुक्ति विषय पर हुई जागरूकता कार्यक्रम

इस अवसर पर थाना गीदम के उपनिरीक्षक ने साइबर अपराधों के विभिन्न स्वरूपों, जैसे ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, फिशिंग, ओटीपी साझा करने के जोखिम, सामाजिक माध्यमों के जरिए होने वाली धोखाधड़ी, डिजिटल भुगतान से जुड़े अपराध तथा व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ बैंक संबंधी जानकारी, पासवर्ड अथवा ओटीपी साझा नहीं करना चाहिए तथा संदिग्ध कॉल, संदेश और लिंक से हमेशा सतर्क रहना चाहिए। साथ ही साइबर अपराध होने की स्थिति में तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचना देने एवं ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नशा मुक्ति पर भी विस्तृत चर्चा करते हुए बताया गया कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार, सामाजिक जीवन एवं भविष्य पर गंभीर दुष्प्रभाव डालता है। उपस्थित सभी प्रतिभागियों से स्वयं नशे से दूर रहने तथा समाज में इसके प्रति जनजागरूकता फैलाने का आह्वान किया गया।

### नशे से दूर रहने का लिया संकल्प

इस दौरान आजीविका महाविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार में समय-समय पर ऐसे जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि युवाओं एवं प्रशिक्षणार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व, डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूकता तथा नशा मुक्त समाज के निर्माण की भावना विकसित हो सके। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने साइबर सुरक्षा के नियमों का पालन करने, नशे से दूर रहने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।



# अंतर जातीय विवाह करने वाले दंपत्ति का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और समाज से जातिगत दूरियों को मिटाने के उद्देश्य से जिले में एक सराहनीय पहल की गई है।

शासन की अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर विश्वदीप एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने नवविवाहित दंपत्ति सचेन्द्र कुमार एवं प्रियंका झाड़ी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टरने नवविवाहित जोड़े को गुलदस्ता भेंट किया और उनके सुखमय एवं उज्ज्वल दांपत्य जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि सचेन्द्र और प्रियंका का यह कदम समाज के लिए एक प्रेरणा है। अंतर्जातीय विवाह सामाजिक एकता को मजबूत करने और रूढ़िवादी सोच को बदलने में बेहद मददगार साबित होते हैं।

- कलेक्टर ने नवविवाहित दंपत्ति को सौंपा प्रशस्ति पत्र

# गादीरास में पोस्ट मैट्रिक छात्रावास खोलने की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

जिले के गादीरास क्षेत्र में पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की मांग को लेकर आदिवासी छात्रों ने सोमवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। छात्रों का कहना है कि गादीरास हायर सेकेंडरी स्कूल क्षेत्र का एकमात्र विद्यालय है, जहां कक्षा 11वीं एवं 12वीं की पढ़ाई होती है, लेकिन छात्रावास की सुविधा नहीं होने से दूर-दराज के गांवों के विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया गया है कि गादीरास के आसपास लगभग 15 ग्राम पंचायतों के छात्र-छात्राएं अध्ययन के लिए यहां आते हैं। वर्तमान में करीब 50 छात्र छात्रावास सुविधा चाहते हैं, जबकि आने वाले समय में यह संख्या 100 तक पहुंच सकती है। कई गांवों से विद्यार्थियों को प्रतिदिन 15 से 20 किलोमीटर की दूरी तय कर स्कूल आना पड़ता है, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही है।

छात्रों ने बताया कि अभी कुछ विद्यार्थियों को अस्थायी रूप से पोटाकेबिन गादीरास में रखा गया है, लेकिन करीब 40 छात्रों के रहने की कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में आदिवासी विद्यार्थियों के हित में गादीरास में 100 सीटर पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की स्थापना आवश्यक है। ज्ञापन में कलेक्टर से मांग की गई है कि छात्रों की समस्याओं को देखते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई कर गादीरास में पोस्ट मैट्रिक छात्रावास खोला जाए, ताकि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा का अवसर मिल सके।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग • अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# पुलिया निर्माण से आवगमन बहाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

ग्राम पंचायत अंगमपल्ली के आश्रित ग्राम धनगोल में वर्षों से चली आ रही आवागमन की समस्या अब अतीत बन गई है। निर्मित 6 मीटर लंबी पुलिया ने ग्रामीणों के जीवन में बड़ा बदलाव ला दिया है। अब बारिश के मौसम में भी गांव का मुख्यालय से संपर्क बना रहता है, जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और दैनिक आवागमन की सुविधाएं पहले की तुलना में कहीं अधिक सुगम हो गई हैं। धनगोल के ग्रामीण लंबे समय से वर्षा ऋतु में मार्ग पर पानी भर जाने के कारण भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे थे। बरसात के दौरान गाँव का संपर्क मुख्यालय से पूरी तरह कट जाता था, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई, किसानों की कृषि गतिविधियाँ, मरीजों को समय पर उपचार तथा ग्रामीणों की दैनिक जरूरतें गंभीर रूप से प्रभावित होती थीं। मनरेगा एवं विशेष केंद्रीय सहायता एससीए के अभिसरण से धनगोल मार्ग पर 6 मीटर पुलिया का निर्माण कराया गया। इस परियोजना की कुल स्वीकृत लागत 17.63 लाख रुपये रही, जिसमें मनरेगा से 7.63 लाख रुपये तथा एससीए से 10 लाख रुपये का योगदान दिया गया।

# विद्यालय में बाल संसद का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा

शासकिय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बढ़ांजी में प्राचार्य जगदीश चन्द्र मौर्य की अध्यक्षता में बाल संसद का गठन किया गया। अनुशासन एवं शौहार्दपूर्ण वातावरण में विद्यार्थियों के द्वारा प्रस्ताव व समर्थन रखा गया। व्याख्याताओं सीएस बघेल, लता वर्मा, शोभिता साव, अंबिका ध्रुव, सुखराम मंडावी, दिलीप कांगे, अभय गाने, पीटीआई की उपस्थिति में मनोनित किया गया शाला के प्रधान मंत्री परमेश्वर भारद्वाज, उप प्रधान मंत्री दीपिका कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री रमलू कश्यप, उप स्वास्थ्य मंत्री सरिता बघेल, शिक्षा मंत्री ठानधर बघेल, उप शिक्षा मंत्री बालकिशन भारद्वाज, खेल मंत्री सुदराम मंडावी, उप खेलमन्त्री राधिका भारद्वाज, अनुशासन मंत्री अर्जुन कवासी, उप अनुशासन मंत्री कुमारी मानवी कश्यप, संस्कृतिक मंत्री ललिता कश्यप, उप सांस्कृतिक मंत्री अंजली बेलसरिया, पर्यावरण मंत्री यूवराज मंडावी, उप पर्यावरण मंत्री कु उलेन्द्री, वित्त मंत्री तेजमनी, उप वित्त मंत्री किरण यादव होंगे।

# स्वच्छता अभियान की खुली पोल, चारामा नगर में हरतरफ गंदगी का ढेर

## थाना, जनपद स्कूल और जनपद पंचायत कार्यालय के आसपास फैला कूड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन चारामा नगर की जमीनी हकीकत इन दावों से बिल्कुल अलग नजर आ रही है। नगर के कई प्रमुख सार्वजनिक स्थलों और रिहायशी इलाकों में फैली गंदगी, कूड़े के ढेर, बदबू और मच्छरों के बढ़ते प्रकोप ने स्थानीय नागरिकों की परेशानी बढ़ा दी है। नगरवासियों का आरोप है कि लंबे समय से नियमित सफाई नहीं होने के कारण स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है, लेकिन नगर पंचायत प्रशासन इस ओर गंभीरता नहीं दिखा रहा है।

नगर के थाना परिसर के समीप बड़ी मात्रा में कूड़ा-कचरा जमा होने से आसपास का वातावरण दूषित हो गया है। यहां से प्रतिदिन गुजरने वाले लोगों को दुर्गंध का सामना करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, थाना के बाजू स्थित गली, जनपद स्कूल के आसपास और जनपद पंचायत कार्यालय के निकट भी गंदगी का आलम बना हुआ है। इन स्थानों पर कचरा लंबे समय तक पड़े रहने से मच्छरों की संख्या तेजी से बढ़ गई है, जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ने लगी है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि नगर पंचायत द्वारा नियमित रूप से कचरा संग्रहण और सफाई का कार्य नहीं किया जा रहा है। कई मोहल्लों में कूड़ा कई-कई दिनों तक नहीं उठाया जाता, जिसके कारण बदबू के साथ-साथ आवारा पशु भी कचरे में घूमते रहते हैं। बरसात के मौसम में यह स्थिति और भी गंभीर हो गई है, क्योंकि नालियों में गंदगी जमा होने से जलभराव और संक्रमण का खतरा बढ़ रहा है।

**नगर की छवि हो रही खराब :** मुहल्लेवासियों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित अधिकारियों और नगर पंचायत का ध्यान आकर्षित किया गया, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकल सका है। लोगों का कहना है कि सार्वजनिक संस्थानों के आसपास फैली गंदगी न केवल नगर की छवि को खराब कर रही है, बल्कि विद्यार्थियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है।

### प्रतिदिन सफाई की माँग

नागरिकों ने मांग की है कि नगर पंचायत तत्काल विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर सभी प्रमुख स्थानों से कूड़ा हटाए। इसके साथ ही नालियों की नियमित सफाई, समय पर कचरा संग्रहण, मच्छर नियंत्रण के लिए फॉगिंग तथा कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कराया जाए। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो बरसात के दौरान संक्रामक बीमारियों का खतरा और अधिक बढ़ सकता है।





### अभियान का असर जमीन पर दिखना चाहिए

नगरवासियों का यह भी कहना है कि स्वच्छता केवल अभियान चलाने या दावे करने तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसका असर जमीनी स्तर पर दिखाई देना चाहिए। उन्होंने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि नगर की सफाई व्यवस्था की नियमित निगरानी की जाए और लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि चारामा नगर को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण मिल सके।

## खबर संक्षेप

### प्रधान पाठक ने कराया नेवता भोज



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के शासकीय सुपर 60 मॉडल स्कूल पेडावारी के प्रधान पाठक निर्भय कोवाची ने जन्मदिन सेवा और सामाजिक सरोकार के साथ मनाते हुए कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए नेवता भोज का आयोजन किया। शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी इसमें सहभागिता की। इस अवसर पर कोवाची ने विद्यार्थियों को अनुशासन, अच्छे संस्कार और मन लगाकर पढ़ाई करने का संदेश देते हुए कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। विद्यालय परिवार ने इस पहल को सामाजिक समरसता और अपनत्व बढ़ाने वाला प्रेरणादायी आयोजन बताया।

### एनसीएसटी सलाहकार कल जिले के प्रवास पर

**कांकेर।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग एनसीएसटी के वरिष्ठ सलाहकार-सह-एपीएस प्रकाश कुमार उइके 15 जुलाई को जिले के प्रवास पर रहेंगे। अपने प्रवास के दौरान वे अनुसूचित जनजातियों के विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रकाश उइके जिले की सभी वन प्रबंधन समितियों के अध्यक्षों के साथ बैठक कर वन धन केंद्रों के संचालन एवं गतिविधियों की समीक्षा करेंगे।

## शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण और निर्माण कार्यों को समय पर पूरा करने पर जोर

# शहीद और नक्सल पीड़ित परिवारों को मिलेंगे पक्के घर, कलेक्टर की हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



जिले में विकास कार्यों की रफ्तार तेज करने और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि शहीद परिवारों और नक्सल पीड़ित परिवारों के पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की संवेदनशील योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण किए जाएं।

सोमवार को आयोजित जिला स्तरीय समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन, पीएम पोर्टल में प्राप्त शिकायतों के साथ-साथ सुशासन तिहार तथा बस्तर मुन्ने शिविरों के दौरान प्राप्त आवेदनों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक शिकायत का समाधान केवल औपचारिकता न होकर गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक होना चाहिए, ताकि आम नागरिकों को वास्तविक राहत मिल सके। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति पर विशेष चर्चा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहीद परिवारों एवं नक्सल हिंसा से प्रभावित पात्र परिवारों की सूची का पुनः परीक्षण कर उन्हें प्राथमिकता के साथ योजना का लाभ उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे परिवार शासन की विशेष संवेदनशीलता के दायरे में आते हैं और उनके आवास संबंधी मामलों में किसी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा जिले में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अटल डिजिटल सुविधा केंद्र, आंगनबाड़ी भवन, उचित मूल्य दुकान सह गोदाम भवन, मुख्यमंत्री घोषणा मद अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों सहित अन्य अधोसंरचनात्मक परियोजनाओं को निर्धारित समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा और संबंधित विभागों को नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। कृषि क्षेत्र से जुड़े कार्यों की समीक्षा के दौरान किसानों के एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन की प्रगति पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन सुनिश्चित किया जाए, जिससे उन्हें शासन की विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का पंजीयन बढ़ाने पर भी जोर दिया गया, ताकि जरूरतमंद परिवारों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

### समन्वय से कार्य करने दिया निर्देश

आयोजित बैठक में कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने सभी विभागीय अधिकारियों से आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और प्रत्येक योजना की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन तभी संभव है, जब प्रत्येक अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का गंभीरता से निर्वहन करे और समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करे।

### बैठक में यह रहे शामिल

आयोजित बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर जितेन्द्र कुर्रे, अपर कलेक्टर अंतागढ़ ए.एस. पैकरा, जिले के सभी एसडीएम, विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा नगरीय निकायों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत कर गणवेश और पुस्तकें वितरित



**चारामा।** विकासखंड चारामा के ग्राम हाराडुला में सोमवार को विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। शिक्षा के महापर्व के रूप में आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों, प्राचार्यों, शिक्षकों, पालकों तथा छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, माला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया। साथ ही शासन की योजनाओं के तहत विद्यार्थियों को निःशुल्क गणवेश, कॉपियां और पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया। समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत कांकेर की अध्यक्ष किरण नरेटी थीं। विशिष्ट अतिथियों में जनपद पंचायत चारामा की अध्यक्ष जागेश्वरी भास्कर, जिला पंचायत सदस्य तेजेश्वरी सिन्हा, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ठाकुर राम कश्यप, जनपद सदस्य अमिता बंजारे, राधिका रावटे, ग्राम हाराडुला की सरपंच सुशीला मकाम, ग्राम किलेपार की सरपंच मेनका ध्रुव, भाजपा मंडल अध्यक्ष चारामा ओमप्रकाश साहू, हेम मंडावी एवं करन सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें। कार्यक्रम में अतिथियों ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पालकों से बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है तथा शासन प्रत्येक बच्चे को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

## संगठन की एकता भाजपा की शक्ति है और कार्यकर्ता आत्मा : प्यारे लाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा



■ कार्यकर्ताओं को पद नहीं, सम्मान चाहिए और समर्पण से संगठन को मिलती है ऊर्जा

किसी भी राजनीतिक संगठन की सबसे बड़ी पूंजी उसके समर्पित, निष्ठावान और कर्मठ कार्यकर्ता होते हैं। संगठन की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने, जनसंपर्क, चुनाव से लेकर जनआंदोलनओ और सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पंक्ति तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। ऐसे कार्यकर्ताओं की सबसे बड़ी अपेक्षा पद नहीं, बल्कि उनके समर्पण, संघर्ष और वर्षों की तपस्या का सम्मान है। उक्त बातें पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत चारामा एवं भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य प्यारे लाल देवांगन ने कही।

भाजपा जिला कार्यसमित के सदस्य ने कहा कि पद समय, परिस्थितियों और संगठनात्मक आवश्यकताओं के अनुसार मिलते रहते हैं, लेकिन कार्यकर्ताओं को मिला सम्मान जीवनभर उनकी सबसे बड़ी प्रेरणा बनता है। जिस संगठन में कार्यकर्ता स्वयं को सम्मानित और सहभागी महसूस करते हैं, वह संगठन अधिक सशक्त, अनुशासित और जनआधारित बनकर आगे बढ़ता है। भारतीय जनता पार्टी एक कार्यकर्ता-आधारित संगठन है, जिसकी सबसे बड़ी ताकत उसका समर्पित कार्यकर्ता है। पार्टी का गौरवशाली इतिहास इस बात का प्रमाण है कि साधारण कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत, निष्ठा और सेवा के बल पर महत्वपूर्ण दायित्वों तक पहुंचा है। संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति पूर्ण सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि नेतृत्व सदैव कार्यकर्ताओं की भावना, समर्पण और योगदान का मूल्यांकन करता रहा है। प्रत्येक कार्यकर्ता को भी यह संकल्प लेना चाहिए कि वह पद की अपेक्षा किए बिना राष्ट्रहित, संगठन हित और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए पूरी निष्ठा और अनुशासन के साथ कार्य करता रहेगा। जब सम्मान और समर्पण साथ-साथ चलते हैं, तब संगठन निरंतर नई ऊंचाइयों को प्राप्त करता है और जनता का विश्वास और अधिक मजबूत होता है।

## 183 एमडीटी डिवाइस से थानों में त्वरित विवेचना में मिलेगी मदद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन और तकनीक आधारित आधुनिक पुलिसिंग को मजबूत बनाने की दिशा में कांकेर पुलिस ने महत्वपूर्ण पहल की है। जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों तथा विवेचकों को कुल 183 मोबाइल डाटा टर्मिनल (एमडीटी) डिवाइस वितरित किए गए। इन अत्याधुनिक उपकरणों के माध्यम से विवेचना प्रक्रिया को डिजिटल, वैज्ञानिक, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाएगा।

जिले के सभी पुलिस अनुविभागों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान एसपी निखिर राखेचा के मार्गदर्शन में एएसपी आकाश श्रीश्रीमाल, योगेश कुमार साहू, आशीष बंछोर, राकेश कुमार कुर्रे सहित अन्य राजपत्रित अधिकारियों ने विवेचकों को एमडीटी डिवाइस सौंपे। इन डिवाइसों की मदद से अब घटनास्थल पर ही फोटो एवं वीडियो, गवाहों के बयान, जब्ती संबंधी दस्तावेज, केस डायरी की जानकारी और अन्य महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य तत्काल ऑनलाइन अपलोड किए जा सकेंगे। इससे जांच में अनावश्यक विलंब कम होगा तथा वरिष्ठ अधिकारी प्रकरणों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग भी कर सकेंगे। इस अवसर पर जिले के सभी पुलिस अनुविभागों में ई-साक्ष्य विषय पर विशेष प्रशिक्षण भी आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान डिजिटल साक्ष्यों के संकलन, संरक्षण एवं विश्लेषण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की वैधानिक जब्ती, साइबर अपराधों की विवेचना तथा न्यायालय में डिजिटल साक्ष्यों की स्वीकार्यता से जुड़े कानूनी और व्यावहारिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही विवेचकों को नवीन आपराधिक कानूनों के अनुरूप आधुनिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

पुलिस अधीक्षक निखिल कुमार राखेचा ने कहा कि तकनीक आधारित, वैज्ञानिक और समयबद्ध विवेचना ही आधुनिक पुलिसिंग की पहचान है। उन्होंने सभी विवेचकों से एमडीटी डिवाइस एवं डिजिटल तकनीकों का अधिकतम उपयोग कर गुणवत्तापूर्ण जांच सुनिश्चित करने का आह्वान किया, ताकि पीड़ितों को शीघ्र न्याय मिल सके और अपराधियों के विरुद्ध न्यायालय में मजबूत अभियोजन प्रस्तुत किया जा सके।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा करवाने 31 तक मौका

**कांकेर।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ वर्ष 2026 के लिए फसल बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। कृषि विभाग के उप संचालक ने किसानों से समय पर बीमा कराने की अपील की है। ऋणी किसान संबंधित बैंक शाखा एवं समिति, जबकि अऋणी किसान नजदीकी सहज जन सेवा केंद्र के माध्यम से बीमा करा सकते हैं। योजना में किसानों को कुल बीमित राशि का केवल 2 प्रतिशत प्रीमियम देना होगा। ऋणी, अऋणी, भू-धारक और बटाईदार किसान योजना के पात्र हैं। गैर ऋणी किसानों को आधार कार्ड, बैंक पासबुक, बी-1, खसरा एवं स्व-प्रमाणित फसल बुवाई प्रमाण पत्र के साथ आवेदन करना होगा।

## लीज प्रक्रिया से पहले पेड़ों की कटाई, गोदावरी माइंस विवाद में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर



भानुप्रतापपुर विकासखंड के आरी डोंगरी क्षेत्र में प्रस्तावित गोदावरी माइंस एक बार फिर विवादों में है। आरोप है कि जिस भूमि की लीज प्रक्रिया अभी शासन स्तर पर पूरी भी नहीं हुई है, उसी क्षेत्र में पेड़ों की कटाई शुरू कर दी गई है। इससे पर्यावरण संरक्षण और प्रशासनिक निगरानी को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार लगभग 60 हेक्टेयर भूमि को खनन कार्य के लिए लीज पर लेने की प्रक्रिया जारी है। नियमानुसार अंतिम स्वीकृति एवं सक्षम प्राधिकारी से अनुमति मिलने के बाद ही किसी भी प्रकार की कार्रवाई की जा सकती है। इसके बावजूद संबंधित क्षेत्र में पेड़ों की कटाई किए जाने की जानकारी सामने आई है। ग्रामीणों और पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि यदि बिना आवश्यक अनुमति के वृक्षों की कटाई हो रही है तो यह नियमों का उल्लंघन है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उनका आरोप है कि क्षेत्र में मशीनों की आवाजाही और पेड़ों की कटाई के बावजूद संबंधित विभागों द्वारा अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। मामले में पूर्व वन मंडलाधिकारी ऋषभ जैन से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि संबंधित भूमि राजस्व विभाग की है। वन विभाग द्वारा पेड़ों की गणना कर उनकी सूची एसडीएम कार्यालय को भेजी जाती है। इसके बाद पेड़ों की कटाई अथवा अन्य कार्रवाई की अनुमति देना एसडीएम के अधिकार क्षेत्र में आता है।

### एसडीएम से नहीं हो सका संपर्क

मामले में प्रशासन का पक्ष जानने के लिए एसडीएम से मोबाइल फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। उनका पक्ष प्राप्त होने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा। यदि बिना वैधानिक अनुमति के पेड़ों की कटाई की पुष्टि होती है, तो यह न केवल पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन का मामला होगा, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करेगा। अब सभी की निगाहें जिला प्रशासन और संबंधित विभागों की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं।

# प्रवेशोत्सव में मावलीपारा की छात्राओं को मिली साइकिल, शिक्षा को मिलेगा संबल

**बासनवाही।** शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल मावलीपारा में शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया। कार्यक्रम हाई स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हनुमान प्रसाद पांडेय तथा ग्राम पंचायत मावलीपारा के सरपंच सियाराम कोसमा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। इस दौरान छात्राओं, पालकों एवं ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। अतिथियों ने छात्राओं को साइकिलें प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि की आसंदी से ग्राम पंचायत मावलीपारा के सरपंच सियाराम कोसमा ने कहा कि शिक्षा समाज के सर्वांगीण विकास की आधारशिला है। बेटियों को शिक्षित बनाना केवल परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र छात्रा तक पहुँचना चाहिए। सरस्वती साइकिल योजना से छात्राओं में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे बिना किसी परेशानी के नियमित रूप से विद्यालय पहुँच सकेंगी। हाई स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष हनुमान प्रसाद पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार की सरस्वती साइकिल योजना ग्रामीण अंचलों की छात्राओं के लिए वरदान साबित हो रही है। दूर-दराज़ के गांवों से विद्यालय आने वाली बालिकाओं को अब आवागमन की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा। इससे उनकी नियमित उपस्थिति बढ़ेगी, समय की बचत होगी तथा वे बेहतर ढंग से अपनी पढ़ाई कर सकेंगी। उन्होंने छात्राओं से साइकिल का सुरक्षित उपयोग करने, अनुशासित रहकर अध्ययन करने तथा शिक्षा के माध्यम से अपने माता-पिता, विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर पालक भानूराम साहू, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएँ, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य, बड़ी संख्या में पालकगण तथा छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सभी ने शाला प्रवेश उत्सव को शिक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने वाला प्रेरणादायी आयोजन बताते हुए छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।







